प्रदर्शन

पांच सदस्यीय जांच टीम की रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी, छात्रावास अधीक्षिका को हटाने की कार्रवाई की चर्चा

बाहरी तत्वों के इशारे पर सड़क पर उतरीं छात्राएं !

नवभारत न्यूज

परासिया, 10 अगस्त, न्यूटन-चिखली स्थित अनुसूचित जाति जूनियर कन्या छात्रावास में अधीक्षिका के खिलाफ छात्राओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के मामले में गठित पांच सदस्यीय जांच टीम ने अपनी जांच पूरी कर संयुक्त प्रतिवेदन जिला कलेक्टर को सौंप दिया है। जांच में छात्राओं के प्रदर्शन को लेकर कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने की जानकारी मिली है।

सूत्रों के अनुसार, जांच में यह बात सामने आई है कि छात्रावास में निवासरत कुछ छात्राएं बाहरी तत्वों के प्रभाव और उकसावे के बाद सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हुई थीं। छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता को लेकर छात्राओं में असंतोष था। इसके अलावा अधीक्षिका के व्यवहार को लेकर भी छात्राओं में नाराजगी की बात जांच के दौरान सामने आई है।

हालांकि, बताया जा रहा है कि दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से पढ़ाई के लिए छात्रावास में रह रही छात्राएं स्वयं सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने के पक्ष में नहीं थीं। आरोप है कि बाहरी लोगों द्वारा छात्राओं को उकसाकर रैली निकलवाई गई और अधीक्षिका के खिलाफ नारेबाजी कराई गई।

जांच के दौरान इस पूरे घटनाक्रम के पीछे विभागीय स्तर पर भी विवाद और खींचतान होने की जानकारी सामने आने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि छात्रावास में अधीक्षिका के पद को लेकर लंबे समय से दो महिलाओं के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई थी। इसी विवाद को भी पूरे घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि सोमवार को न्यूटन छात्रावास में निवासरत छात्राएं सड़क पर उतर आई थीं और अधीक्षिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया था। छात्राओं ने छात्रावास में उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को लेकर भी शिकायत की थी। मामले की जानकारी प्रशासन तक पहुंचने के बाद पांच सदस्यीय जांच टीम का गठन किया गया था।

जांच टीम ने छात्राओं, छात्रावास प्रबंधन तथा संबंधित पक्षों से जानकारी लेकर मामले की जांच की और अपना संयुक्त प्रतिवेदन जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। अब सभी की नजरें जिला प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

प्रधानमंत्री सड़क पर संधारण के नाम पर लीपापोती ! बिखरा मटेरियल दे रहा हादसे को न्योता

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 10 अगस्त, प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्मित चारगांव-सांख मार्ग पर सड़क संधारण के नाम पर किए जा रहे कार्य को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। चारगांव और सांख के बीच पुलिया के पास सड़क के एक तरफ सीसी निर्माण कराया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सड़क किनारे एवं मार्ग के बीच गिट्टी, डस्ट, मिट्टी सहित निर्माण सामग्री बिखरी पड़ी है।

इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बिखरे मटेरियल के कारण वाहन चालकों को संकरे हिस्से से निकलना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए गिट्टी और डस्ट दुर्घटना का कारण बन सकती है। बारिश के मौसम में सड़क पर मिट्टी और डस्ट फैलने से स्थिति और खराब होने की आशंका है।

कछुआ गति से चल रहा संधारण कार्य

स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रधानमंत्री सड़क के संधारण का काम बेहद धीमी गति से चल रहा है। सड़क किनारे मटेरियल डालने के बाद उसे व्यवस्थित नहीं किया जा रहा है। वहीं पुलिया पर एक तरफ सीसी निर्माण के बाद सड़क की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि संधारण के नाम पर महज लीपापोती कर काम पूरा करने की कोशिश की जा रही है।

वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता दिनाजी राउत के निधन पर राहुल मोहोड़ ने दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 10 अगस्त, ग्राम लिंगा निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता दिनाजी राउत के निधन का समाचार मिलने पर पांढुर्णा भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड़ उनके निवास पर पहुंचे।

उन्होंने दिवंगत दिनाजी राउत के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोकाकुल परिवारजनों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। राहुल मोहोड़ ने कहा कि दिनाजी राउत का पार्टी के प्रति समर्पण और संगठन के लिए उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके निधन से पार्टी ने एक समर्पित वरिष्ठ कार्यकर्ता खो दिया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में संबल देने की प्रार्थना की।

ग्रामीणों की सतर्कता से नाकाम हुई मोबाइल टावर बैटरी चोरी

दिनभर गांव में घूम रहे थे संदिग्ध, अंधेरा होते ही टावर की बैटरियां खोलने लगे, ग्रामीणों ने दबोचा ; 3 आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 10 अगस्त, सांवरी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम अंबामाली में ग्रामीणों की सतर्कता से मोबाइल टावर की बैटरी चोरी की वारदात नाकाम हो गई। ग्रामीणों ने मोबाइल टावर से बैटरी चोरी करने का प्रयास कर रहे तीन संदिग्ध आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया, जिसके बाद सूचना पर पहुंची सांवरी पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, तीनों आरोपी एक ऑटो में सवार होकर दिनभर ग्राम अंबामाली में संदिग्ध रूप से घूम रहे थे। ग्रामीणों की नजर भी उनके लगातार गांव में घूमने पर थी। बताया गया कि शाम होते ही अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपियों ने अपना ऑटो मोबाइल टावर के पास खड़ा किया और टावर से बैटरी निकालने का प्रयास शुरू कर दिया।इसी दौरान ग्रामीण रंजीत बेलवंशी को आरोपियों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। उन्होंने मौके पर पहुंचकर उनसे पूछताछ की तो आरोपी घबरा गए और ऑटो लेकर वहां से भागने का प्रयास करने लगे। रंजीत बेलवंशी ने आसपास के ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। देखते ही देखते अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और आरोपियों को घेर लिया, जिससे वे भागने में सफल नहीं हो सके। ग्रामीणों ने तत्काल सांवरी पुलिस चौकी को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे में मौजूद ऑटो सहित अन्य सामान की जांच की।

ग्रामीणों की जागरूकता से बची बड़ी वारदात

मोबाइल टावरों से बैटरी चोरी की घटनाएं सामने आने के बाद ग्रामीणों की सतर्कता को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अंबामाली में भी ग्रामीणों की सजगता के चलते चोर अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके। यदि ग्रामीण समय रहते संदिग्ध गतिविधियों पर नजर नहीं रखते तो मोबाइल टावर की महंगी बैटरियां चोरी हो सकती थीं। घटना के बाद पुलिस द्वारा आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ किए जाने की संभावना है।

पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस समारोह

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 10 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने के लिये सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा राज्य स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजन संबंधी निर्देश जारी किये गये हैं। राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह 15 अगस्त 2026 को भोपाल के लाल परेड गाउण्ड में आयोजित होगा।

स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सुबह 9 बजे के पूर्व शौर्य स्मारक पर पुष्प अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाल परेड ग्राउण्ड पर ध्वजारोहण कर प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे। लाल परेड ग्राउण्ड पर पुलिस एसएएफ, सीआईएसएफ, जेल गार्ड, होम गार्ड, एनसीसी एवं स्काउड गाइडस की संयुक्त परेड आयोजित की जाएगी। संयुक्त परेड द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। जिला स्तरीय आयोजन- सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9 बजे से किया जायेगा, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष/ मंत्री/ कलेक्टर द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा एवं राष्ट्रगान का गायन कर परेड की सलामी की जाएगी।

पढ़ाई छोड़ बच्चों से पानी भरवा रहे, स्कूल प्रबंधन पर सवाल

हैंडपंप से बाल्टी भरकर पानी ढोते नजर आए नन्हे विद्यार्थी, स्कूल की व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 10 अगस्त, छिंदवाड़ा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटलबर्री परिसर में संचालित शासकीय प्राथमिक स्कूल कोटलबर्री में विद्यार्थियों से पानी भरवाने का मामला सामने आने के बाद स्कूल की व्यवस्थाओं को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

सामने आई तस्वीर में स्कूल के नन्हे विद्यार्थी हैंडपंप से पानी भरकर बाल्टियां ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। बच्चों के हाथों में किताब-कॉपी की जगह पानी की बाल्टी नजर आने से स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।बताया जा रहा है कि स्कूल में पेयजल की व्यवस्था के लिए विद्यार्थियों को ही हैंडपंप से पानी भरकर लाने की जिम्मेदारी दी जा रही है। यदि यह स्थिति नियमित है तो यह गंभीर चिंता का विषय है। प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले छोटे बच्चों को पढ़ाई के दौरान पानी भरने और ढोने के काम में लगाए जाने से उनकी पढ़ाई प्रभावित होने के साथ ही उनकी सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े होते हैं।

किताबों की जगह हाथों में बाल्टियां

स्कूल पहुंचने वाले बच्चों का मुख्य उद्देश्य शिक्षा प्राप्त करना है, लेकिन तस्वीर में जिस तरह बच्चे हैंडपंप से पानी भरकर बाल्टियां ले जाते दिखाई दे रहे हैं, उससे स्कूल में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को स्कूल में पढ़ाई के लिए भेजा जाता है, न कि पानी भरने जैसे कार्यों के लिए। स्कूल में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था करना संबंधित प्रबंधन और विभाग की जिम्मेदारी है।

स्कूल की पेयजल व्यवस्था पर भी सवाल

स्कूल में यदि पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है तो जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी लेकर स्थायी व्यवस्था करनी चाहिए। हैंडपंप से बच्चों द्वारा पानी भरवाने के बजाय स्कूल में पानी की उपलब्धता, टंकी, पाइपलाइन अथवा अन्य वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता है। सवाल यह भी है कि आखिर स्कूल में पेयजल व्यवस्था के लिए जिम्मेदार व्यवस्था होने के बावजूद बच्चों को पानी भरने के लिए क्यों लगाया जा रहा है।

अभिभावकों ने जांच की मांग उठाई

मामले को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि छोटे बच्चों से इस तरह का काम कराया जाना उचित नहीं है। शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को स्कूल का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की जांच करनी चाहिए। साथ ही स्कूल में पर्याप्त एवं सुरक्षित पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि विद्यार्थियों को पढ़ाई छोड़कर ऐसे कार्यों में न लगाया जाए।

हरईं जागीर में निकली भव्य कावड़ यात्रा, हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा नगर

नवभारत न्यूज

हरईं, 10 अगस्त, हरईं जागीर नगर के प्रसिद्ध शिव मंदिर शंकर मड़िया से सोमवार को विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। सुंदर एवं मनोहारी झांकी के साथ पालकी में विराजित भगवान शिव की प्रतिमा और शिवलिंग को श्रद्धालुओं ने नगर के विभिन्न शिव मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर ले जाकर विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और जल अर्पित किया।

कावड़ यात्रा के दौरान हर-हर महादेव, जय-जय शिव शंकर÷ के गगनभेदी जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। ढोल-नगाड़ों, बाजे, जस-भजन मंडलियों और डीजे की धुन पर शिवभक्त उत्साह के साथ झूमते हुए यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बच्चे और श्रद्धालु मौजूद रहे।

कावड़ यात्रा शंकर मड़िया से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई बस स्टैंड, आजनपुर रोड स्थित शिव मंदिर पहुंची। इसके बाद यात्रा गांधी चौक स्थित नगर के हृदय स्थल पहुंची, जहां श्रीराम जानकी मंदिर, गांधी चौक स्थित शिव मंदिर तथा पिंजड़ा वाले हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। पूरे यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पालकी में विराजित महाकाल की झांकी का दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। मनोहारी झांकी को देखने के लिए लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाए, जिससे पूरा नगर ÷हर-हर महादेव÷ के उद्घोष से गूंज उठा। कावड़ यात्रा का समापन पुनः प्रसिद्ध शंकर मड़िया शिव मंदिर पहुंचकर किया गया। शंकर मड़िया समिति द्वारा आयोजित इस भव्य कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। महाकाल की पालकी और आकर्षक धार्मिक झांकी ने सभी का मन मोह लिया और नगर का वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया।।

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी ने की छिंदवाड़ा व पांढुर्ना जिला कांग्रेस संगठन की तारीफ

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 10 अगस्त, राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी छिन्दवाड़ा की आवश्यक बैठक कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

जिला कांग्रेस संगठन के पदाधिकारीगणों को सम्बोधित करते हुए हरीश चौधरी ने छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिला कांग्रेस की तारीफ करते हुए कहा कि यहां के संगठन का नेतृत्व कमलनाथ व नकुलनाथ करते हैं, इसीलिये यहां के संगठन की प्रशंसा प्रदेश ही नहीं बल्कि देश में भी होती है। बूथ और क्षेत्रीय कमेटियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह सबकुछ यहां पर बहुत पहले से संचालित हो रहा है। माननीय कमलनाथ जी संगठन को बारीकि से समझते हैं। संगठनात्मक गतिविधियों को संचालित करने के साथ ही वे यह जानते हैं कि संगठन में किस व्यक्ति से कौनसा काम अच्छी तरह लिया जा सकता है। वही छवि माननीय नकुलनाथ जी में भी नजर आती है। छिन्दवाड़ा और पांढुर्ना जिला कांग्रेस की सक्रियता इस प्रशिक्षण के बाद और बढ़ेगी। प्रशिक्षण का अर्थ केवल बताना या फिर सिखाना नहीं है, आप लोगों को बदलते हुए परिवेश से अवगत कराना है।

लिंगा में आगामी दिनों भुजालिया पर्व उत्सव तैयारी को लेकर बैठक संपन्न हुई

नवभारत न्यूज

मोहखेड़, 10 अगस्त, ग्राम लिंगा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आगामी भुजालिया पर्व उत्सव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पर्व को लेकर व्यापक तैयारियों पर चर्चा करते हुए उत्सव को उत्साह, धार्मिक आस्था और आपसी भाईचारे के साथ भव्य रूप से मनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान आगामी पर्व की तैयारियों को लेकर विभिन्न रूपरेखा एवं रणनीति तैयार की गई। आयोजन के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं, कार्यक्रमों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने तथा अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर उपस्थित सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि भुजालिया पर्व की परंपरा और धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए आयोजन को शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से संपन्न कराया जाए। आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदारियां तय करने तथा आगामी दिनों में तैयारियों को गति देने पर भी चर्चा हुई। ग्रामीणों एवं युवाओं की सहभागिता से पर्व को यादगार बनाने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए मिल-जुलकर कार्य करने और आवश्यक सहयोग प्रदान करने पर सहमति जताई।

विश्व आदिवासी दिवस : बारिश पर भारी पड़ा उत्साह, मवासी समाज ने घोड़ावाड़ी में निकाला भव्य जुलूस

नवभारत न्यूज

दमुआ/जुन्नारदेव, 10 अगस्त, मवासी समाज सामाजिक समिति, जुन्नारदेव के तत्वाधान में विश्व आदिवासी दिवस का गरिमामय और भव्य आयोजन तीन पुलिया, शनि मंदिर, घोड़ावाड़ी (दमुआ) में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश भी आदिवासी समाज के बुलंद हौसलों और उत्साह को डिगा नहीं सकी।

एक तीरङ्गएक कमान, सभी आदिवासी एक समान÷ के गगनभेदी नारों के साथ जिले व विभिन्न ब्लॉकों से आए समाजबंधु रैली में शामिल हुए। पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में सजे युवाओं और बुजुर्गों ने डीजे और नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया। रैली में तीर-कमान और भाला जैसे पारंपरिक प्रतीक आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में जिला व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों, मातृशक्ति और बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज अनादि काल से प्रकृति का सच्चा संरक्षक रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करना है। वक्ताओं ने जोर दिया कि अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हुए शिक्षा और संगठन के बल पर ही समाज का आर्थिक सशक्तिकरण संभव है।

जयप्रकाश
पावर वेंचर्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट कॉम्प्लेक्स, निगरी तहसील सराई, जिला सिंगरौली - 486669, (म.प्र.)
सीआईएन: L40101MP1994PLC042920

'विद्युत मंत्रालय (एमओपी) द्वारा जारी दिशानिर्देश सं. 9/8/2024-एसटी.टीएच. दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड (जेपीवीएल) के तापीय विद्युत संयंत्रों से ऐश (राख) के विक्रय हेतु सीमित नीलामी की सूचना'

जेपीवीएल के तापीय विद्युत संयंत्रों, अर्थात जेपी निगरी सुपर थर्मल पावर प्लांट, जिला: सिंगरौली (म.प्र.) एवं जेपी बीना थर्मल पावर प्लांट, जिला: सागर (म.प्र.) से निर्गत होने वाली 'ऐश' (राख) हेतु उन पात्र सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई) तथा स्थानीय एमएसई/स्थानीय उपयोगकर्ताओं से अभिरुचि पत्र (ईओआई) आमंत्रित किए जाते हैं, जो ऐश-आधारित उत्पादों के निर्माण में संलग्न हैं एवं जिनके पास सीपीसीबी/एसपीसीबी द्वारा जारी वैध 'संचालन की सहमति' (सीटीओ) अथवा वैध एमएसई/उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र तथा 'स्थानीय उपयोगकर्ता' (ईओआई सहित) की मान्यता हो।

इच्छुक पक्षों से अनुरोध है कि वे अपनी वार्षिक आवश्यकता (मीट्रिक टन में), फर्म/कंपनी के संपूर्ण विवरण सहित, नीचे दिए गए ईमेल पते पर दिनांक 20.08.2026, 18:00 बजे तक अवश्य प्रेषित करें।

ईमेल आईडी: **ajeet.singh@auctionit.in**

विस्तृत नियम एवं शर्तें हमारी नीलामकर्ता वेबसाइट **www.auctionit.in** पर उपलब्ध हैं। इच्छुक पक्षों को नीलामीकर्ता के साथ स्वयं को पंजीकृत करना होगा।

सभी इच्छुक अथवा अर्हताप्राप्त उपयोगकर्ताओं को ई-नीलामी की तिथि की सूचना ईमेल के माध्यम से दी जाएगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
(अनुसूची – 'ए' मिनी रत्न-श्रेणी– 1 सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम)
राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली–110003

विभिन्न संवर्गों में प्रबंधकों एवं कनिष्ठ कार्यपालकों की भर्ती
विज्ञापन संख्या 12/2026/सीएचक्यू/डीआर–सीबीटी

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से भाविप्रा वेबसाइट **www.aai.aero** के माध्यम से **ऑनलाइन** आवेदन आमंत्रित करता है।

(किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा)

पद कोड	पद का नाम	रिक्तियों की संख्या और आरक्षण								
		कुल	यूआर	ई डब्ल्यू एस	ओबीसी (एनसी एल)	एस सी	एस टी	(रिक्तियों सहित) पीडब्ल्यूबीडी		
								(ए)	(बी)	(सी)	(डी) व (ई)
1	प्रबंधक (इंजीनियरिंग – सिविल)	145	62	14	38	21	10	-	03	02	03
2	प्रबंधक (इंजीनियरिंग – इलैक्ट्रिकल)	16	04	05	04	02	01	-	01	-	01
3	प्रबंधक (वित्त)	34	19	03	07	04	01	02	[01]	[01]	-
4	प्रबंधक (सूचना प्रौद्योगिकी)	05	05	-	-	-	-	01	-	-	01
5	प्रबंधक (वास्तु)	04	03	-	01	-	-	-	-	-	01
6	प्रबंधक (विधि)	02	02	-	-	-	-	-	-	-	-
7	प्रबंधक (अग्निशमन सेवाएँ)	14	08	01	03	01	01	-	-	-	-
8	प्रबंधक (प्रचालन)	28	13	02	07	04	02	01	-	-	-
9	प्रबंधक (वाणिज्यिक)	09	06	-	02	01	-	01	-	-	-
10	प्रबंधक (निगमित योजना एवं प्रबंधन सेवाएँ)	01	01	-	-	-	-	-	-	-	-
11	प्रबंधक (निगमित संचार)	02	02	-	-	-	-	-	-	-	-
12	कनिष्ठ कार्यपालक (वित्त)	36	13	06	06	05	06	01	-	01	-
13	कनिष्ठ कार्यपालक (विधि)	06	05	-	-	01	-	-	-	-	-
14	कनिष्ठ कार्यपालक (प्रचालन)	79	35	07	21	11	05	01	01	-	01
15	कनिष्ठ कार्यपालक (सर्वेक्षण एवं कार्टोग्राफी)	08	05	-	02	01	-	-	-	-	01

रिक्त पदों की संख्या अनंतिम है और भाविप्रा के विवेकानुसार घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

प्रयुक्त संक्षिप्तियां: यू आर = अनारक्षित/ईडब्लूएस = आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग/ओबीसी (एनसीएल) = अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमीलेयर)/एससी = अनुसूचित जाति/एसटी = अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूबीडी = बेंचमार्क दिव्यांगजन/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी, (ए), (बी), (सी), (डी) व (ई): कृपया विस्तृत विज्ञापन में संबंधित पोस्ट कोड के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता की उपयुक्त श्रेणियों का संदर्भ लें।

विवरण	तिथि
ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	**08.08.2026**
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि	**07.09.2026**
कंप्यूटर आधारित परीक्षा की संभावित तिथि	भाविप्रा की वेबसाइट **www.aai.aero** पर घोषणा की जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया भाविप्रा की वेबसाइट www.aai.aero पर 'करियर्स' (Careers) सेक्शन और 22.08.2026 के 'एम्प्लॉयमेंट न्यूज़'/'रोज़गार समाचार' को देखें।

cbc03111/11/0005/2627

कार्यपालक निदेशक (मा.सं.)
NIT NO. N-01/2026-27